संख्या-13 / **5201/12-3-2013-100(50)/2013**

प्रेषक,

जावेद उस्मानी
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. संबंधित मण्डलायुक्त
उत्तर प्रदेश।

2. संबंधित जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

3. कृषि निदेशक**,**
उत्तर प्रदेश, **लखनऊ।**

कृषि अनुभाग**-3** लखनऊ**:** दिनांक **10** दिसम्बर **2013**

विषय**:** कृषि विभाग द्वारा संचालित की जा रही आर**0**के**0**वी**0**वाई योजनान्तर्गत **'Integrated Cereal Development Programme Wheat 2013-14'** परियोजना का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन) के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। उक्त के दृष्टिगत शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदेश की विकास योजनाओं में उनका वाजिब हक दिलाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में उनकी जनसंख्या के आधार पर 20 प्रतिशत मात्राकरण अल्पसंख्यकों हेतु किये जाने का निर्णय लिया गया है ताकि प्रदेश में चलने वाली विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अल्पसंख्यक समुदाय को सामाजिक न्याय की परिधि में लाते हुए उन्हें न्यायोचित हिस्सा मिल सके तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

2- **प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश सं**0-1533/52-3-13-**सा**(30)/13 **दिनांक** 24.08.2013 **निर्गत किया गया है। शासनादेश में चिन्हित कल्याणकारी योजनाओं में कृषि विभाग की** आर**0**के**0**वी**0**वाई योजनान्तर्गत **'Integrated Cereal Development Programme Wheat 2013-14' परियोजना भी सम्मिलित है। यह योजना लाभाथ्र्ाीपरक है।**

http://shasanadesh.up.nic.in

3- शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 31.07.2013 तक की भौतिक प्रगति को वार्षिक लक्ष्य से घटाते हुये अवशेष लक्ष्य में से 20 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय हेतु मात्राकरण करते हुए जनपदवार फॉट निर्धारित कर दिया जाये। तद्नुसार योजनान्तर्गत किये गये लक्ष्य की जनपदवार फॉट संलग्नक-क पर है। इसके आधार पर ही जनपदवार लक्ष्य की प्राप्ति की जानी है।

4- योजना में अल्पसंख्कों हेतु निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने की कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी विशेष कारण से लक्ष्य प्राप्ति हेतु अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति तथा मुख्य सचिव के माध्यम से शासन का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् अल्पसंख्यकों के अवशेष लक्ष्य को अन्य समुदाय के लोगों से पूर्ण कर लिया जायेगा।

5- उपर्युक्त उपरोक्त योजना की समीक्षा हेतु निर्धारित प्ररूप की प्रति संलग्नक-ख के रूप में संलग्न है। इस प्ररूप पर प्रत्येक माह की 07 तारीख तक वांछित विवरण/सूचना जनपद के जिलाधिकारी द्वारा मण्डलायुक्त को तथा शासन के सम्बंधित विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी। सम्बंधित विभाग, परीक्षणोपरान्त प्रत्येक माह की 12 तारीख तक निर्धारित प्ररूप संलग्नक-ग पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को संकलित रूप से विवरण उपलब्ध करायेंगे।

6- योजना से सम्बंधित शासनादेश सं0-1533/52-2013-सा(30)/2013 दिनांक 24.08.2013 में निर्धारित अन्य शर्तों/प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

संलग्नक- यथोक्त

भवदीय,

(जावेद उस्मानी)
मुख्य सचिव।

संख्या-**5201(1)/12-3-2013-**तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. संबंधित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से

(इन्द्रदेव पटेल)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक-क

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना द्वारा एकीकृत धान्य विकास कार्यक्रम-गेहूं उपयोजना अन्तर्गत अल्पसंख्यकों को लाभ पहुँचाने हेतु 20 प्रतिशत लक्ष्यों का जनपदवार निर्धारण-वर्ष 2013-14

क्रम सं0	जनपद का नाम	उन्नतशील प्रजातियों के कुल बीज वितरण के लक्ष्य	प्रमाणित बीज वितरण अल्पसंख्यक का भौतिक
1	**2**	**3**	**4**
1	सहारनपुर	14160	5200
2	मुजफफरनगर	11820	4000
3	शामली	4500	900
	सहारनपुर मण्डल	**30480**	**10100**
4	मेरठ	15570	4900
5	बागपत	8880	2100
6	बुलन्दशहर	27630	5600
7	गाजियाबाद	11190	2450
8	गौतमबुद्धनगर	10290	900
9	हापुड़	7050	1400
	मेरठ मण्डल	**80610**	**17350**
10	बदायूँ	29130	6100
11	शाहजहांपुर	28980	5200
12	पीलीभीत	22980	5500
	बरेली मण्डल	**81090**	**16800**
13	बिजनौर	15540	6400
14	मुरादाबाद	19080	8500
15	रामपुर	17730	8400
16	ज्योतिबाफुलेनगर	15120	5600
17	सम्भल	8280	1600
	मुरादाबाद मण्डल	**75750**	**30500**
18	अलीगढ़	22920	4100
19	हाथरस	14700	1400
20	एटा	18270	2000
21	कांसगंज	12570	2400
	अलीगढ़ मण्डल	**68460**	**9900**
22	आगरा	16890	1400
23	फिरोजाबाद	16470	2500

http://shasanadesh.up.nic.in

	आगरा मण्डल	**33360**	**3900**
24	फर्रूखाबाद	17580	2300
25	कन्नौज	13530	2000
26	इटावा	10440	700
27	कानपूर नगर	20490	2900
28	औरैया	10380	700
29	कानपूर देहात	18510	1500
	कानपूर मण्डल	**90930**	**10100**
30	ललितपूर	6300	160
31	जालौन	10560	1000
	झांसी मण्डल	**16860**	**1160**
32	चित्रकूट	3600	120
33	बांदा	4860	340
34	महोबा	2340	140
	चित्रकूट मण्डल	**10800**	**600**
35	मिर्जापूर	17160	1300
	मिर्जापूर मण्डल	**17160**	**1300**
36	खीरी	28050	5000
	लखनऊ मण्डल	**28050**	**5000**
	कुल योग	**533550**	**106710**

http://shasanadesh.up.nic.in

सम्बन्धित विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजे जाने वाली संकलित सूचना का प्रपत्र

संलग्नक-ख

योजना का नाम :

जनपद का नाम : माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का **20** प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारुप						
क्र.सं.	योजना का नाम	अल्पसंख्यको हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरुद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरुद्ध क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	***2***	***3***	***4***	***5***	***6***	***7***
योग						

http://shasanadesh.up.nic.in

सम्बन्धित विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजे जाने वाली संकलित सूचना का प्रपत्र

संलग्नक-ग

विभाग का नाम :

योजना का नाम : माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का **20** प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारुप						
क्र.सं.	जनपद का नाम	अल्पसंख्यको हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरुद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरुद्ध क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	***2***	***3***	***4***	***5***	***6***	***7***
योग						

http://shasanadesh.up.nic.in